राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक–एफ.07(01)परीक्षा–'घ'/विधि रचनाकार/2023–24/ दिनांक 30.12.2024

आयोग द्वारा विधि एवं विधिक कार्य विभाग हेतु विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा, 2024 का आयोजन दिनांक 14.07.2024 को किया गया था। उक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु विचारित सूची दिनांक 11.12.2024 को जारी की गई। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किये गये अभ्यर्थियों को दिनांक 11.12.2024 को जारी परिणाम के साथ ही विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाईट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर 02 प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति के उक्त परिणाम जारी होने की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने सूचित किया गया था।

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा निर्धारित दिनांक तक जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र जमा नहीं करवाये हैं उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आयोग की उक्त वेबसाईट से विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर 02 प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति के दिनांक 08.01.2025 तक प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक रूप से निर्देशित किया जाता है। निर्धारित दिनांक तक विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर आयोग द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा जिसके लिए ऐसे अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(रामनिवास मेहता)
सचिव